# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

## माध्यमिक परीक्षा मॉडल प्रश्न पत्र सेट–1, 2018

विषय : हिन्दी (मातृभाषा) पूर्णांक–100

**समूह–'अ'**

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न संख्या 1 से 50 में दिये गये विकल्पों में से एक विकल्प सही है। सही विकल्प को चुनें। 1 X 50=50

1. 'श्रम विभाजन और जाति प्रथा के लेखक हैं–
   (क) रामविलास शर्मा (ख) भीमराव अंबेदकर
   (ग) गुणाकर मुले (घ) महात्मा गाँधी
2. 'विष के दाँत' कहानी किस वर्ग के अनेक अंतर्विरोधों को उजागर करती है ?
   (क) मध्य वर्ग (ख) उच्च वर्ग
   (ग) निम्न वर्ग (घ) दलित वर्ग
3. मैक्समूलर ने सर्वविद् सम्पदा और प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण किस देश को माना हैं ?
   (क) जापान (ख) श्रीलंका (ग) भारत (घ) कनाडा
4. 'नाखून क्यों बढ़ते हैं, इनमें से गद्य की कौन–सी विधा है ?
   (क) कहानी (ख) कविता (ग) भाषण (घ) ललित निबंध
5. हिन्दी भाषा की लिपि है–
   (क) ब्राह्मी लिपि (ख) रोमन लिपि
   (ग) देवनागरी लिपि (घ) गुरूमुखी लिपि
6. बहादुर का पूरा नाम क्या था ?
   (क) जांबाज बहादुर (ख) छोटा बहादुर
   (ग) बहादुर (घ) दिल बहादुर
7. 'परम्परा का मूल्यांकन' किसकी कृति है ?
   (क) रामविलास शर्मा (ख) रामधारी सिंह दिनकर

(ग) अशोक वाजपेयी (घ) यतीन्द्र मिश्र

8. पंडित बिरजू महाराज किस कला से संबंधित हैं ?

(क) नाट्य कला (ख) नृत्य कला

(ग) संगीत कला (घ) चित्र कला

9. 'आविन्यों कहाँ स्थित है ?

(क) फ्रांस (ख) रूस (ग) भारत (घ) मिस्त्र

10. पिताजी ने बाजार से कितनी मछलियाँ खरीदी थीं ?

(क) एक (ख) दो (ग) तीन (घ) चार

11. बिस्मिल्ला खाँ प्रसिद्ध................ थे।

(क) सितार वादक (ख) सरोद वादक

(ग) गिटार वादक (घ) शहनाई वादक

12. गाँधी जी को 'महात्मा' की उपाधि किसने दी ?

(क) भीमराव अंबेडकर (ख) रवींद्रनाथ ठाकुर

(ग) हजारी प्रसाद द्विवेदी (घ) जवाहर लाल नेहरू

13. 'सिख धर्म' का प्रवर्तन किसने किया ?

(क) गुरु नानक (ख) गुरु गोविंद सिंह

(ग) गुरु तेग बहादुर (घ) गुरु अर्जुन देव

14. ''इन मुसलमान हरिजनन पै, कोटिन हिन्दू वारिये'' किस कवि के लिए कहा गया है ?

(क) कबीरदास (ख) मलिक मुहम्मद जायसी

(ग) रहीम (घ) रसखान

15. '' घनआनँद' जीवनदायक हौ कछू मेरियौ पीर हिएँ परसौ'' में किस कवि का नाम आया है ?

(क) प्रेमघन (ख) घनानंद

(ग) घनश्याम (घ) बिहारी लाल

16. ''सबै बिदेसी वस्तु नर, गति रति रीत लखात।
...........कछु न अब, भारत म दरसात।''

(क) राष्ट्रीयता (ख) भारतीयता

(ग) मनुजता (घ) आत्मीयता

17. सुमित्रानंदन पंत ने 'मिट्टी की प्रतिमा उदासिनी' किसे कहा है ?

(क) भारतमाता (ख) माता (ग) विमाता (घ) मूर्ति

18. 'जनतंत्र का जन्म' कविता के कवि हैं–

(क) कुवँर नारायण (ख) सुमित्रानंदन पंत

(ग) अज्ञेय (घ) रामधारी सिंह दिनकर

19. 'अज्ञेय' का पूरा नाम है–

(क) कुमार 'अज्ञेय'

(ख) डॉ0 हीरानंद 'अज्ञेय'

(ग) सच्चिदानंद हीरानंद वात्सयायन 'अज्ञेय'

(घ) वात्सयायन कुमार 'अज्ञेय'

20. कुँवर नारायण ने बूढ़ा चौकीदार किसे कहा है ?

(क) पहाड़ (ख) व्यक्ति (ग) वृक्ष (घ) सैनिक

21. 'मेरी नींद के दौरान कुछ ..............बढ़ गए पेड़' ।

(क) अधिक (ख) इंच (ग) मीटर (घ) सेंटीमीटर

22. ''अक्षर–ज्ञान' कविता बच्चों के किस स्तर की शिक्षण–प्रक्रिया से संबंधित है ?

(क) प्रारंभिक शिक्षण प्रक्रिया (ख) मध्य शिक्षण प्रक्रिया

(ग) माध्यमिक शिक्षण प्रक्रिया (घ) उच्च माध्यमिक शिक्षण प्रक्रिया

23. 'लौटकर आऊँगा फिर' कविता में कवि एक बार फिर कहाँ आने की लालसा व्यक्त करता है ?

(क) मातृभूमि बिहार (ख) जन्म भूमि महाराष्ट्र

(ग) कर्मभूमि गुजरात (घ) मातृभूमि बंगाल

24. रेनर मारिया रिल्के द्वारा रचित कविता है–

(क) मेरे बिना तुम प्रभु (ख) 'लौटकर आऊँगा फिर'

(ग) अक्षर–ज्ञान (घ) हमारी नींद

25. मंगम्मा क्या बेचती थी ?

(क) दूध (ख) दही (ग) मक्खन (घ) घी

26. 'ढहते विश्वास' कहानी में किस राज्य को बाढ़ एवं सूखा से प्रभावित दिखाया गया है ?

(क) बिहार (ख) राजस्थान
(ग) उड़ीसा (घ) केरल

27. 'मंगु' किस कहानी की पात्र है ?
(क) दही वाली मंगम्मा (ख) नगर
(ग) ढहते विश्वास (घ) माँ

28. पाप्पाति किस रोग से ग्रसित थी ?
(क) मलेरिया (ख) मेनिनजाइटिस
(ग) कैंसर (घ) डेंगु

29. सीता को अपने ही घर में कैसा महसूस होता है ?
(क) घुटन (ख) आनंद
(ग) खुशी (घ) सुख

30. 'व्यंजना' क्या है ?
(क) शब्द शक्ति (ख) काव्यगुण
(ग) अलंकार (घ) छंद

31. 'लोटा–डोरी कौन सा समास है ?
(क) द्विगु समास (ख) द्वन्द्व समास
(ग) कर्मधारय समास (घ) अव्ययीभाव समास

32. व्याकरण वह ज्ञान है जो ––
(क) त्रुटियों पर ध्यान नहीं देता ।
(ख) मानकता के आधार पर शुद्धता प्रदान करता है।
(ग) नियमों का विश्लेषण नहीं करता ।
(घ) इसमें से कोई नहीं।

33. 'विद्यानुराग' कौन समास है ?
(क) द्विगु समास (ख) अव्ययीभाव समास
(ग) कर्मधारय समास (घ) तत्पुरुष समास

34. 'प्रत्येक ' का संधि–विच्छेद है–
(क) प्रः+तिः+एक (ख) प्रत्य+एक
(ग) प्रः + एक (घ) प्रति+एक

35. प्रेम–अयनि श्री राधिका, प्रेम–बरन नँदनंद

प्रेम–बाटिका के दोऊ, माली–मालिन–द्वंद्व'' में कौन–सा रस है ?

(क) श्रृंगार रस (ख) करूण रस

(ग) हास्य रस (घ) शांत रस

36. ''धूल–भरा मैला–सा आँचल
गंगा–यमुना में आँसू–जल' में गंगा–यमुना' में कौन–सा अलंकार है ?

(क) विरोधाभास (ख) रूपक

(ग) अनुप्रास (घ) उपमा

37. पारिभाषिक एवं तकनीकी शब्द वे हैं–

(क) जो किसी विशेष ज्ञान के क्षेत्र में निश्चित अर्थ में प्रयुक्त होते हैं।

(ख) जिनके अर्थों में संदर्भ के अनुसार परिवर्तन हो जाता है।

(ग) जो किसी भाषा से संबंधित नहीं हैं।

(घ) इनमें से कोई नहीं।

38. 'ड्राइवर, जरा दूसरे चक्कों को भी देख लो और पंप ले जाकर हवा भर दो' कौन –सा वाक्य है ?

(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य

(ग) मिश्र वाक्य (घ) उपवाक्य

39. काव्य गुण के प्रकार हैं–

(क) नीरस (ख) सरस

(ग) भय (घ) माधुर्य

40. वाच्य के कितने भेद हैं ?

(क) एक (ख) दो (ग) तीन (घ) चार

41. बातों की जलेबी छनना मुहाबरे का अर्थ है–

(क) गप–शप में आनंद लेना (ख) जलेबी छानना सीखना

(ग) डींगे हाँकना (घ) सपना देखना

42. 'सभ्य' का विलोम है–

(क) कुसभ्य (ख) असभ्य

(ग) संस्कारहीन (घ) अनसभ्य

43. 'वास्तविक' में कौन–सा प्रत्यय है ?

(क) विक (ख) स्ताविक

(ग) इक (घ) क

44. 'मनुष्य और आगे बढ़ा' वाक्य में कौन–सा काल है ?

(क) भूत काल (ख) भविष्यत् काल

(ग) वर्तमान काल (घ) सामान्य वर्तमान

45. 'दक्षिणी' शब्द का संज्ञा होगा –

(क) दक्षिणार्थ (ख) दक्षिणा

(ग) दक्ष (घ) दक्षिण

46. 'फरमाइश' लिंग है–

(क) स्त्रीलिंग (ख) पुल्लिंग

(ग) नपुंसक लिंग (घ) विधि लिंग

47. 'सामग्री' का बहुवचन है–

(क) सामग्रियों (ख) सामग्रियाँ

(ग) सामग्रे (घ) सामग्री

48. 'नौबतखाना' का अर्थ है–

(क) खाना खाने का स्थान

(ख) स्नान करने का स्थान

(ग) प्रवेश द्वार के ऊपर मंगल ध्वनि बजाने का स्थान

(घ) विचार–विमर्श करने का स्थान

49. 'कोशिश' का पर्यायवाची शब्द है–

(क) मजबूरी (ख) कुछ करना

(ग) लगातार (घ) प्रयास

50. 'करम' का मानक आधुनिक रूप है।

(क) कर्म (ख) कारण

(ग) भाग्य (घ) कला

## समूह – 'ब'

(1) दिये गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 250–300 शब्दों में किसी एक विषय पर निबंध लिखें : (1 x 10 =10)

(क) दहेज–प्रथा एक अभिशाप

(i) भूमिका
(ii) प्राचीन, वर्तमान स्वरुप और आधार
(iii) दहेज का परिणाम
(iv) सामाजिक कलंक
(v) उपसंहार

(ख) प्रदूषण

(i) भूमिका
(ii) प्रदूषण के कारण
(iii) हानि
(iv) प्रदूषण दूर करने के उपाय
(v) उपसंहार

(ग) स्वतंत्रता दिवस

(i) भूमिका
(ii) प्राप्ति के लिए संघर्ष
(iii) स्वतंत्रता दिवस पर हर्ष और उल्लास
(iv) हमारा कर्त्तव्य
(v) उपसंहार

(घ) कम्प्यूटर : आज की जरूरत

(i) भूमिका
(ii) महत्वपूर्ण उपकरण
(iii) विविध कार्य
(iv) आवश्यकता
(v) उपसंहार

(ड.) खेल का महत्व

(i) भूमिका
(ii) खेल के प्रकार
(iii) महत्व
(iv) लाभ–हानि
(v) उपसंहार

(2) परीक्षा की तैयारी का वर्णन करते हुए अपनी माता के पास एक पत्र लिखें। (1 x 5 =5)

अथवा

पाठ्यक्रम में हो रहे बदलाव के सम्बन्ध में छात्रों के बीच होने वाले संवाद लिखें।

(3) अ) निम्नांकित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे लिखें प्रश्नों के उत्तर दें। (2 x 5 =10)

भारतवर्ष में कभी भी भौतिक वस्तुओं के संग्रह को महत्व नहीं दिया गया। उस दृष्टि में मनुष्य के भीतर जो महान आंतरिक तत्व स्थिर भाव से बैठा हुआ है, वही चरम और परम है। लोभ–मोह, काम–क्रोध आदि विकार मनुष्य में स्वाभाविक रुप से विद्यमान रहते हैं, पर उनको प्रधान शक्ति मान लेना और अपने मन और बुद्धि को उन्हीं के इशारे पर छोड़ देना बहुत निकृष्ट आचरण है। भारतवर्ष ने कभी भी इनको

महत्व नहीं दिया, इन्हें सदा संयम के बन्धन में बाँध कर रखने का प्रयत्न किया है। परन्तु भूख की उपेक्षा नहीं की जा सकती, बीमार के लिए दवा की उपेक्षा नहीं की जा सकती, गुमराह को ठीक रास्ते पर ले जाने के उपायों की उपेक्षा नहीं की जा सकती। हुआ यह कि इस देश के कोटि–कोटि दरिद्रजनों की हीन अवस्था को दूर करने के लिए अनेक कायदे–कानून बनाये गये हैं, जो कृषि, उद्योग, वाणिज्य, शिक्षा और स्वास्थ्य की स्थिति को अधिक उन्नत और सुचारु बनाने के लक्ष्य से प्रेरित हैं। अपने आप में यह लक्ष्य बहुत ही उत्तम है; परन्तु जिन लोगों को इन कार्यों में लगना है उनका मन हमेश पवित्र नहीं होता। प्रायः ही वे लक्ष्य भूल जाते हैं और अपनी ही सुख–सुविधा की ओर ज्यादा ध्यान देने लगते हैं। व्यक्ति–चित्त हमेशा आदर्शों द्वारा चालित नहीं होता।

**निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दें –**

(क) भारतवर्ष में क्या चरम और परम है ?

(ख) कौन–सा आचरण निकृष्ट है ?

(ग) किन–किन चीजों की उपेक्षा नहीं की जा सकती ?

(घ) भारतवर्ष में अनेक कायदे–कानून क्यों बनाए गए हैं ?

(ड.) किन लोगों का मन हमेशा पवित्र नहीं होता ?

(ब) आज से करीब 116 साल पहले 11 सितंबर 1893 को स्वामी विवेकानंद ने शिकागो पार्लियामेंट ऑफ रिलीजन में भाषण दिया था, उसे आज भी दुनिया भुला नहीं पाती। इसे रोमा रोलाँ ने 'ज्वाला की जबान' बताया था। इस भाषण से दुनिया के तमाम पंथ आज भी सबक ले सकते हैं। इस भाषण ने पश्चिम में भारत की एक ऐसी छवि बना दी, जो आजादी से पहले और इसके बाद सैकड़ों राजदूत

मिलकर भी नहीं बना सके। स्वामी विवेकानंद के इस भाषण के बाद भारत को एक अनोखी संस्कृति के देश के रुप में देखा जाने लगा। अमेरिकी प्रेस ने विवेकानंद को उस धर्म संसद की महानतम विभूति बताया था। अमेरिकी प्रेस ने विवेकानंद के बारे में लिखा था, 'उन्हें सुनने के बाद हमें महसूस हो रहा है कि भारत जैसे एक प्रबुद्ध राष्ट्र में मिशनरियों को भेजकर हम कितनी बड़ी मूर्खता कर रहे थे।'' जब शिकागो धर्म संसद के पहले दिन अंत में विवेकानंद संबोधन के लिए खड़े हुए और उन्होंने कहा – अमेरिका के भाइयों और बहनों, तो तालियों की जबरदस्त गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत हुआ। उन्होंने यह कहकर सभी श्रोताओं के अंतर्मन को छू लिया कि हिंदू तमाम पंथो को सर्वशक्तिमान की खोज के प्रयास के रूप में देखते हैं।

**निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दें –** (2 x 5 =10)

(क) स्वामी विवेकानंद ने 'शिकागो पार्लियामेंट ऑफ रिलीजन' में कब भाषण दिया था ?

(ख) रोमा रोलाँ ने स्वामी विवेकानंद के उस भाषण के बारे में क्या कहा था ?

(ग) भारत को एक अनोखी संस्कृति के देश के रुप में कब देखा जाने लगा ?

(घ) अमेरिकी मीडिया ने स्वामी विवेकानंद के संबंध में कैसी टिप्पणी की ?

(ङ.) विवेकानंद ने भाषण में क्या कहकर श्रोताओं के अंतर्मन को छू लिया ?

## समूह – 'स'

## (लघुउत्तरीय प्रश्न)

(4) निम्न प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दें। (2 x 5 =10)

(क) जातिवाद के पोषक उसके पक्ष में क्या तर्क देते हैं ?

(ख) खोखा किन मामलों में अपवाद था ?

(ग) मनुष्य बार–बार नाखूनों को क्यों काटता है ?

(घ) ला शत्रूज क्या है और वह कहाँ अवस्थित है ?

(ङ.) वाणी कब विष के समान हो जाती है ?

(च) संधि की परिभाषा लिखें ?

(छ) माँ मंगु को अस्पताल में क्यों नहीं भर्ती कराना चाहती थी ?

(ज) लक्ष्मी कौन थी ? उसका घर कहाँ था ?

## (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न) (1 x 5 =5)

(5) 'जनतंत्र का जन्म' कविता का मूल भाव क्या है ? स्पष्ट कीजिए।

अथवा

बिरजू महाराज के जीवन में सबसे दुखद समय कब आया ? उससे संबंधित प्रसंग का वर्णन कीजिए।

# सेट–1

## बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर

1. (ख)
2. (क)
3. (ग)
4. (घ)
5. (ग)
6. (घ)
7. (क)
8. (ख)
9. (क)
10. (ग)
11. (घ)
12. (ख)
13. (क)
14. (घ)
15. (ख)
16. (ख)
17. (क)
18. (घ)
19. (ग)
20. (ग)
21. (ख)
22. (क)
23. (घ)

24. (क)
25. (ख)
26. (ग)
27. (घ)
28. (ख)
29. (क)
30. (क)
31. (ख)
32. (ख)
33. (घ)
34. (घ)
35. (क)
36. (ख)
37. (क)
38. (ख)
39. (घ)
40. (ग)
41. (क)
42. (ख)
43. (ग)
44. (क)
45. (घ)
46. (क)
47. (ख)
48. (ग)
49. (घ)
50. (क)